आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान ने केवल 5 महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की उपलब्धि हासिल कर ली है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने देशभर के लोगों द्वारा इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि ये अभियान अब दुनिया के अन्य देशों में भी फैल रहा है। उन्होंने लोगों से अभियान में भाग लेने और पौधे के साथ सैल्फी माई जी.ओ.वी. डॉट आई.एन. पर पोस्ट करने का आग्रह किया। सरकारी कार्यालयों में दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए चलाए गए अभियान की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल के आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं और विभागों में काफी स्थान खाली हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द की एक सौ 62वीं जयंती पर अगले वर्ष दिल्ली में ''विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद'' आयोजित करने की घोषणा भी की।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम ने देश और देशवासियों की अपेक्षाओं को एक नया मंच दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में छुपी हुई नायाब प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने का काम हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में अपील के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान ने प्रर्यावरण के प्रति लोगों का नज़रिया बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की वजह से देश में एक के बाद एक बड़े जन भागीदारी के कार्यक्रम शुरू हुए और कई बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति हुई है।

**संसद सत्र**

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होने जा रहा है जो 20 दिसम्बर तक चलेगा। सत्र से पहले केन्द्र सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदन में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी।

**ब्रॉडबैंड**

लाहौल–स्पीति ज़िले के दुर्गम रारिक गांव को हाई स्पीड फोर–जी ब्रॉडबैंड सेवा सुविधा प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि ये उपलब्धि बी.एस.एन.एल. के सहयोग से संभव हुई है जिससे इस ठण्डे और दूरदराज़ क्षेत्र तक आधुनिक दूरसंचार की पहुंच सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में तापमान अक्सर शून्य डिग्री से नीचे चला जाता है और आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना तक पहुंच सीमित रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय व दूरदराज क्षेत्रों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तायुक्त और उच्च प्रौद्योगिकी सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पुस्तक विमोचन**

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला में डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित लिखित पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को जानने का अवसर मिल सकेगा।

**पार्किंग**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ज़िले के रोहडू में आज नवनिर्मित पार्किंग का लोकार्पण किया। सात मंज़िलों के इस बहुउद्देशीय भवन में पहले चरण में चार मंज़िलों में पार्किंग बनाई गई है, शेष तीन मंज़िलों में दुकानें, रेस्टोरेंट, होटल और सिनेमाहॉल बनाने का प्रस्ताव है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

**भाजपा जश्न**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली जीत से भाजपा में जश्न का माहौल है। भाजपा शिमला मण्डल ने भी इस ऐतिहासिक जीत पर आज शहर के सी.टी.ओ. चौक पर जश्न मनाया। पार्टी नेता संजय सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में

भाजपा और एन.डी.ए. निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विकास की नीतियों को पूरे देश में समर्थन मिल रहा है।

**अग्निकाण्ड**

कुल्लू ज़िले में लग घाटी के दुर्गम गांव तियून में बीती रात आग लगने की एक घटना में 4 मकान जलकर राख हो गए। घटना में करीब 80 लाख रूपए की संपति के नुकसान का अनुमान है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को फौरी राहत दी जा रही है। दूसरी ओर चम्बा ज़िले में हुए एक अग्निकांड में डल्हौजी के तहत सुरंगानी में एन.एच.पी.सी कॉलोनी के 10 क्वार्टर जलकर राख हो गए। घटना में जानी नुकसान का कोई समाचार नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

**नमस्कार।**